(c) Yes, Sir.

(d) The Oil Companies propose to put 13 LPG distributorships and 6 retail outlet dealerships (diesel) at various places of

**कोलरी एंप्लाइज एसोसिएशन गिरीडीह द्वारा सीधी कारंवाई की धमकी**

6979. **श्री रीतलाल प्रसाद वर्मा** : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सी० पी० एल० रांची के अंतर्गत कोलरी एम्पलाइज एसोसिएशन गिरीडीह ने सरकार तथा अधिकारियों को उनके 22 सूत्री मांग पत्र के सम्बन्ध में कोई दिनांक 26 जनवरी, 1983 को एक नोटिस दिया है तथा उनकी मांगों के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाए जाने के विरुद्ध सीधी कारंवाई की धमकी दी है; और

(ख) यदि हां, तो क्या उनकी मांगों के सम्बन्ध में उचित कार्रवाई की जा रही है ?

**ऊर्जा मंत्रालय के (कोयला विभाग) राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह)** : (क) और (ख) सेन्ट्रल कोलफील्डस लि० में गिरीडीह "ए" नाम की कोई कोलियरी नहीं है और से०को०लि०, रांची के अधीन कोलियरी इम्प्लाइज एसोसिएशन नाम की कोई श्रमिक यूनियन भी नहीं है। परन्तु, सेन्ट्रल कोलफील्डस लि० में गिडी "ए" नाम की कोलियरी बिहार के अर्गदा एरिया में है। उस कोलियरी के "कोलियरी कर्मचारी संघ" ने 22 सूत्री मांग-पत्र महाप्रबन्धक, अर्गदा को दिनांक 26.1.1983 को प्रस्तुत किया था और सीधी कार्रवाई करने की धमकी दी थी। सहायक श्रम आयुक्त (केन्द्रीय), रांची ने इस मामले में हस्तक्षेप किया और बातचीत के लिए तारीख 18.2.1983 नियत की। इस दिन उन्होंने संघ के प्रतिनिधियों को सलाह दी कि वह मांगों के विषय में परियोजना स्तर पर चर्चा करें और मामले को तय कर लें। गिडी "ए" कोलियरी से सम्बन्धित मांगों पर उनके साथ 17.2.1983 को चर्चा हुई थी। गिडी बाशरी से सम्बन्धित मांगों के बारे में परियोजना स्तर पर 24.2.1983 को चर्चा हुई थी। अनिर्णीत मुद्दों पर अन्तिम रूप से 26.2.1983 को एरिया स्तर पर चर्चा हुई थी। ऐसी रिपोर्ट है कि इन चर्चाओं के बाद संघ संतुष्ट हो गया।

**राजस्थान में सार्वजनिक टेलीफोन केन्द्र खोलना**

6980. **श्री वृद्धि चन्द्र जैन** :
**श्री विरदा फुलवारिया** :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बाजारों, रेलवे स्टेशनों, अस्पतालों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सार्वजनिक टेलीफोन केन्द्र खोलने की सरीन समिति की सिफारिश के अनुसरण में राजस्थान के प्रत्येक जिले के उन स्थानों के शहरवार नाम क्या हैं जिनमें अब तक सार्वजनिक टेलीफोन केन्द्र स्थापित किए जा चुके हैं;

(ख) क्या यह सच है कि सार्वजनिक टेलीफोन केन्द्र की उक्त सुविधा राजस्थान के बाड़मेर, जैसलमेर, सिरोही, नागौर, पाली, बलोतरा, पोकरन, फालोडी, बिलाडा, सिवान, नौर मेहला शहरों में अब तक उपलब्ध नहीं की गई हैं; और

(ग) यदि हां, तो उक्त शहरों के उन सार्वजनिक स्थानों के नाम क्या हैं जहां सरकार का विचार उक्त सुविधा देने का है और यह सुविधा कब तक दे दी जाएगी ?

**संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री विजय एन० पाटिल)** : (क) इस प्रकार के 74 स्थानों में सार्वजनिक टेलीफोन घर स्थापित किए जा चुके हैं। इन सार्वजनिक टेलीफोन घरों का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है और उसे सभा-पटल पर रखा गया है।

(ख) जी, नहीं। इन स्थानों पर सार्वजनिक टेलीफोन घर डाकघरों में खोले गए हैं।